**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 1824**
**गुरुवार, 5 दिसंबर, 2024/14 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## तेलंगाना में विमानन संस्थान

**1824. श्री माधवनेनी रघुनंदन रावः**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) तेलंगाना में कितने विमानन संस्थान मौजूद हैं;

(ख) क्या यह सच है कि इस क्षेत्र में युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए तेलंगाना में अधिक विमानन संस्थानों की मांग है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या संपूर्ण देश में विमानन क्षेत्र में भविष्य में रोजगार के अवसरों की पहचान करने के लिए कोई अध्ययन किया गया है; और

(घ) तेलंगाना में अधिक विमानन संस्थानों को प्रोत्साहित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

## नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) वर्तमान में तेलंगाना में 21 नागर विमानन प्रशिक्षण केंद्र कार्य कर रहे हैं। इनका विवरण इस प्रकार है:-

उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) - 04
(i) एशिया पैसिफिक फ्लाइट ट्रेनिंग अकादमी लिमिटेड;
(ii) फ्लाईटेक एविएशन अकादमी;
(iii) तेलंगाना स्टेट एविएशन अकादमी;
(iv) विंग्स एविएशन प्राइवेट लिमिटेड

रिमोट पायलट प्रशिक्षण संगठन (आरपीटीओ) - 10
i. बेटर फ्लाई ड्रोन अकादमी प्राइवेट लिमिटेड
ii. ड्रोन अकादमी प्राइवेट लिमिटेड
iii. फ्लाईटेक एविएशन अकादमी
iv. गुंडवरम वनाजा भास्कर राव विद्यापीठ
v. मारुत ड्रोनटेक प्राइवेट लिमिटेड
vi. पावमान एविएशन प्राइवेट लिमिटेड
vii. पीजेटीएसएयू ड्रोन अकादमी
viii. तेलंगाना स्टेट एविएशन अकादमी
ix. वाएज एविएशन प्राइवेट लिमिटेड
x. तारा यूएवी प्राइवेट लिमिटेड

सीएआर-147 (बेसिक) संगठन - 04
i. फ्लाईटेक एविएशन अकादमी
ii. राजीव गांधी एविएशन अकादमी
iii. तेलंगाना स्टेट एविएशन अकादमी

iv. जीएमआर एयर कार्गो एंड एयरोस्पेस इंजीनियरिंग लिमिटेड

सीएआर-147 विमान संरक्षण टाइप प्रशिक्षण संगठन - 03
i. मैसर्स सीएफएम एयरक्राफ्ट इंजन सपोर्ट साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड
ii. मैसर्स मैत्री एविएशन प्राइवेट लिमिटेड
iii. मैसर्स यूनाइटेड टेक्नोलॉजीज कॉर्पोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड

(ख) और (ग): तथापि, विमानन प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना और रोजगार के अवसर विमानन उद्योग में मांग और आपूर्ति डायनेमिक्स पर आधारित हैं। इस प्रकार, मंत्रालय ने तेलंगाना में विमानन संस्थानों की मांग के मुद्दे पर कोई विशिष्ट आकलन नहीं किया है।

(घ): सरकार ने तेलंगाना सहित देश में विमानन संस्थानों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न उपाय अपनाए हैं। वर्ष 2020 में, नागर विमानन मंत्रालय ने उदारीकृत एफटीओ दिशानिर्देशों को अनुमोदन प्रदान किया था, जिसमें हवाईअड्डा रॉयल्टी (एफटीओ द्वारा एएआई को राजस्व शेयर का भुगतान) की अवधारणा को समाप्त कर दिया गया है और भूमि किराये को पर्याप्त रूप से युक्तिसंगत बनाया गया है।

वर्तमान में, देश भर में ड्रोन प्रशिक्षण/कौशल प्रदान करने के लिए 140 ड्रोन प्रशिक्षण विद्यालयों को अनुमोदन प्रदान किया गया है। अक्टूबर 2024 तक, इन प्रशिक्षण विद्यालयों ने 18862 ड्रोन पायलटों को प्रमाणित किया है।

*****